# चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पांच लाख को रोजगार

■ अजित खरे

लखनऊ। योगी सरकार अपने साढ़े छह साल के कार्यकाल में चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 5 लाख लोगों को रोजगार दिलाएगी। इस साल राज्य में 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं लगनी शुरू हो जाएंगी। इन सभी का एक साथ भूमि पूजन

■ औद्योगिक परियोजनाएं इस साल लगनी शुरू हो जाएंगी

■ मेगा इवेंट के लिये सरकार ने बनाई हाई पावर कमेटियां

## लखनऊ में इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट का शिलान्यास

लखनऊ में यूपीसीडा द्वारा स्कूटर इंडिया की विकसित गई गई जमीन पर अशोक लीलैंड कंपनी एफडीआई के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट लगाने जा रही है, जहां पहले चरण में ( 187 करोड़ का निवेश) बसें असेंबल की जाएंगी। इसको भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में शामिल किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कराया जाएगा।

सबसे ज्यादा 1081 निवेश परियोजनाएं एसएमई सेक्टर लगने जा रही हैं। निवेश के आकार के लिहाज से सबसे ज्यादा 107364 करोड़ रुपये की 125 परियोजनाएं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत सेक्टर में है। अभी तक 75 जिलों में 10 हजार निवेश परियोजनाएं लगने को तैयार हो गई हैं। इनके जरिए 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। चूंकि अभी आयोजन में एक महीने से ज्यादा का वक्त है, इसलिए इसे 15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का काम विभिन्न विभाग तेजी से कर रहे हैं। इसमें सबसे अहम काम निवेशकों को विवाद रहित जमीन उपलब्ध करवाना है।

**हाईपावर कमेटियां बनीं, :** यूपी सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी 2024 के मेगा आयोजन की तैयारियों के लिए हाईपावर कमेटियां बना दी गई हैं। आईडीसी की अध्यक्षता में बनी कार्यकारी समिति इस आयोजन का पूरा रोडमैप तैयार कर रही हैं। इसमें एमएसएमई, गृह, लोक निर्माण, पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव, एमडी पावर कारपोरेशन, आवास आयुक्त, डीजीपी, लखनऊ, के डीएम, कमिश्नर, नगर आयुक्त व पुलिस आयुक्त शामिल हैं। यह कमेटी प्रधानमंत्री कार्यक्रम की तारीख के लिए पीएमओ से संपर्क में है। पार्टनर देशों के अलावा, विशिष्ट अतिथियों, उद्योगपतियों को आमंत्रण देने का काम भी इस कमेटी के जिम्मे है। इसके अलावा आईडीसी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति इवेंट मैनेजमेंट कंपनी का चयन का काम इस महीने पूरा कर लेगी। बिड मूल्यांकन समिति, प्रोटोकाल व आतिथ्य समिति, व प्रदर्शनी समिति भी गठित की गई है।